भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1932
उत्तर देने की तारीख: 14.03.2022

दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र

†1932. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री रवि किशन:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री सुधीर गुप्ता:

क्या **शिक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) इस वर्ष अपने शताब्दी समारोह के एक भाग के रूप में अपने पूर्व छात्रों को डिग्री पूरी करने का अवसर प्रदान करने की योजना बना रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त प्रस्ताव/विकल्प सभी पूर्व छात्रों के लिए लागू होगा या इस संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा कोई विशिष्ट मानदंड निर्धारित किया गया है:
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) इस विकल्प के लिए पात्र छात्रों की संख्या कितनी है और उक्त छात्रों को कितने अवसर दिए जाने की संभावना है; और
(ङ) शताब्दी समारोह के अंतर्गत इस वर्ष होने वाली परीक्षा के लिए नामांकन/पंजीकरण कराने वाले छात्रों की संख्या कितनी है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ड़.) दिल्ली विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के उन सभी पूर्व छात्रों को शताब्दी मौका देने का निर्णय लिया है जो विभिन्न बाधाओं के कारण अपनी डिग्री पूरी नहीं कर सके। 01.05.2022 से 01.05.2023 तक विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के दौरान दो बार परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

*****